

ग्रीनपार्क में छात्राओं ने योग किया। अमृत विचार



ग्रीनपार्क में योग करने बड़ी संख्या में जुटी महिलाएं भी। अमृत विचार

**05** पांच लाख से अधिक लोग हुए शामिल | **05** बजे सुबह से पार्कों में जुटने लगी भीड़



योग प्रशिक्षक ने लोगों को क्रियाएं सिखाईं। अमृत विचार

### शताब्दी एक्सप्रेस बनी योग स्पेशल

● **कानपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को कानपुर सेंट्रल स्टेशन से नई दिल्ली जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस को भी योग स्पेशल ट्रेन के रूम में चलाया गया। इस मौके पर इस ट्रेन के कोचों के माध्यम से विनाइल रैपिंग करके योग का संदेश देने का प्रयास किया गया। बीच-बीच में एनाउंस भी होता रहा। उधर उप मुख्य यातायात प्रबंधक आशुतोष सिंह की अगुवाई में रेलवे अफसरों, आरपीएफ और जीआरपी की टीम ने सेंट्रल स्टेशन पर योग किया।

# निरोगी काया के लिए लाखों लोगों ने किया योग

## शहरभर में आयोजित किए योग कार्यक्रम

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य थीम पर आधारित अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर शहर भर में योग और प्राणायाम के कार्यक्रम आयोजित किए गए। पांच लाख से अधिक लोगों ने योग किया। ग्रीनपार्क स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन को ऑनलाइन सुना। इस अवसर पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह , सांसद रमेश अवस्थी, विधायक सुरेंद्र मैथानी, सरोज कुरील, एमएलसी अरुण पाठक, पुलिस कमिश्नर अखिल कुमार, सीडीओ दीक्षा जैन ने लोगों के साथ योग किया। निबंध व स्लोगन प्रतियोगिता, योग चित्रकला व योगासन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

### मुस्लिम राष्ट्रीय मंच ने कराया योग

● **कानपुर।** मुस्लिम राष्ट्रीय मंच कानपुर प्रांत ने बकरमंडी स्थित खानकाहे आलम पनाह, वारिस पाक कमेले वाले बाबा रोड में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विशेष योग और स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया। मुख्य वक्ता टीए जज्बाती, वासिफ ,सैयद आलम , सूफी महताब, इरफान, आरिफ मलिक, शाह हुसैन, रुखसाना वारसी, उस्मान आदि मौजूद थे। केस्को मुख्यालय के साथ ही सभी वर्टिकल कार्यालय के परिसर में योग शिविर का आयोजन किया गया। योगाचार्य खुशबू सिंह व डॉ .गुंजा तलरेजा व अन्य सहयोगी योग शिक्षक ने योगाभ्यास कराया। इस दौरान केस्को प्रबंध निदेशक सैमुअल पॉल एन, मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा रहे।



टीएसएच में मल्लखंभ का शानदार प्रदर्शन किया गया। अमृत विचार



टीएसएच में रोमांचक करतब दिखाते युवा। अमृत विचार

### सिविल डिफेंस के सदस्यों ने संभाली व्यवस्था

● **कानपुर।** सिविल डिफेंस के सदस्यों ने ग्रीनपार्क में योग और आसन किया। यहां हुए भव्य कार्यक्रम में प्रशासन की मदद की। ग्रीनपार्क में मौजूद हजारों लोगों के बीच व्यवस्थाओं में सहयोग किया और अनुशासन बनाए रखने में मदद की। कार्यक्रम की शुरुआत से अंत तक कार्यकर्ता डटे रहे। इस मौके पर उप नियंत्रक शिवराज सिंह, उप सहायक विष्णु कुमार शर्मा, डिविजनल वार्डन आशीष वाजपेयी, प्रवीन मिश्रा, अमित दीक्षित, पवन दीक्षित, अब्दुल सलाम जाफरी, दिनेश कुमार विश्वकर्मा, मधुबाला सिंह, हंसराज यादव, विकास कुमार, हरीओम सिंह, स्वतंत्र कुमार सिंह, मोहम्मद अली, विवेक रावत आदि थे।



सिविल डिफेंस के सदस्यों ने भी योग किया। अमृत विचार

### योग करे निरोग का संदेश दिया

**कानपुर।** जेसीआई कानपुर इंडस्ट्रियल ने द स्पोर्ट्स हब के एमपी हॉल में योग दिवस मनाया। योग करे निरोग का संदेश दिया गया। सदस्यों ने फ्री फ्लो योगा, एरियल योगा, मलखंभ एक्ट, हीलिंग सेशन और मेडिटेशन जैसी विधाओं का अभ्यास किया। हरिद्वार और ऋषिकेश की योग टीम ने योगासनों का अभ्यास कराया। इस दौरान जेसीआई उपाध्यक्ष हेल्थ एंड फिटनेस मनिका गुप्ता, अध्यक्ष प्रणीत अग्रवाल, विशाल गुप्ता, मृगांकी गुप्ता, अमित बंधो, दिव्या बंधो, नमन गुप्ता, गीतिका गुप्ता शामिल रहे।

### आईआईटी, एयरपोर्ट पर भी योग अभ्यास

● **कानपुर।** आईआईटी में योग कार्यक्रम की शुरुआत निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल ने दीप जलाकर किया। प्रो. प्रतीक सेन, प्रो. तजदारुल हसन सैयद प्रो. जे रामकुमार और प्रो. कुमार वैभव श्रीवास्तव मौजूद रहे। वहीं कानपुर एयरपोर्ट पर लोगों ने योगा कर स्वस्थ रहने का पैगाम दिया। इस अवसर पर कानपुर एयरपोर्ट के निदेशक संजय कुमार, इंडिगो एयरलाइंस के प्रबंधक सैयद भाई समेत सीआईएसएफ के कई अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। उधर, केडी पैलस में लाजपत नगर में तान्या हेमनानी द्वारा योग कराया गया।



लाजपतनगर केडी पैलेस में भी आयोजन हुआ। अमृत विचार



नक्षत्र वाटिका पार्क में जुटे लोग। अमृत विचार

### नक्षत्र वाटिका में हुआ योगासन

● नक्षत्र वाटिका पार्क जूही कला में योग गुरु अर्चना वर्मा ने योग कराया। इस अवसर पर समाचार पत्र विक्रेता संघ के वरिष्ठ महामंत्री सुरेंद्र यादव, जयगुरुदेव संगत एवं कानपुर होजरी मार्केट के संरक्षक राम प्रताप यादव, कलक्टरगंज हनुमान मंदिर के महंत सोमदत्त अग्निहोत्री , राजेश दीक्षित, पवन मिश्रा,शशि मिश्रा,अजय शुक्ला, अश्विनी त्रिवेदी, एमपी सिंह, राजकुमार यादव,डीके राय,दीपेंद्र मिश्रा,राजेश दुबे,ओम प्रकाश वर्मा,, बनवारी लाल चौरसिया, आरके चतुर्वेदी आदि रहे।

### मेट्रो डिपो व बड़ा चौराहा स्टेशन पर किया योग

● कानपुर। गुरुदेव चौराहा स्थित मेट्रो डिपो और बड़ा चौराहा स्टेशन पर विशेष योग सत्रों का आयोजन किया। डिपो में आयोजित योग सत्र में कानपुर मेट्रो के अधिकारियों-कर्मचारियों ने आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन के योग प्रशिक्षकों की टीम के साथ योग किया। योग प्रशिक्षिका बोस्की त्रिवेदी ने अभ्यास कराया। इस दौरान परियोजना निदेशक अरविंद मीणा व यूपीएमआरसी के वरिष्ठ अधिकारी रहे।



मेट्रो डिपों में लोगों ने योगासन किया। अमृत विचार



डा. हेमंत, डा. आरती।

### डॉ. हेमंत मोहन, डॉ. आरती मोहन का सम्मान

**कानपुर।** लखनऊ स्थित राजभवन में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कानपुर के प्रख्यात चिकित्सक डॉ. हेमंत मोहन एवं डॉ. आरती मोहन ने सहभागिता की। राज्यपाल के उप सचिव सुधीर बोबडे और होम्योपैथिक निदेशक डॉ. अरविंद कुमार वर्मा ने डॉ. हेमंत मोहन एवं डॉ. आरती मोहन को न केवल समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बल्कि कोरोना काल में दिए गए अभूतपूर्व योगदान के लिए सम्मानित कर शुभकामनाएं दीं।

### योग के साथ पौधरोपण भी किया

● **कानपुर।** राष्ट्रीय शर्करा संस्थान में निदेशक, प्रो. सीमा परोहा के नेतृत्व में योग किया गया। इस अवसर पर पौधे रोपे गए। योग प्रशिक्षक आशुतोष बाजपेई रहे। इस अवसर पर आयोजित प्रतियोगिता में अखिलेश कुमार पांडे प्रथम, संजय चौहान द्वितीय व अनूप कुमार कनौजिय को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। उधर सीएसए में कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने उन्होंने कहा कि यौगिक जीवन शैली का प्रमुख अंग शारीरिक स्वास्थ्य है, जिसके लिए सतत प्रयास करने की जरूरत है। कार्यक्रम में वरिष्ठ योग मेडिटेशन प्रशिक्षक सुष्मिता तिवारी, योगाचार्य राजेश वर्मा,योगाचार्य सुनीता शाक्य व योग वालिंयटर रतन यादव थे।



शर्करा संस्थान में अधिकारियों-कर्मचारियों ने योग किया। अमृत विचार



आईएमए परिसर में डाक्टरों ने योग किया। अमृत विचार

### वजन कम करने के लिए अश्व चालन आसन

● **कानपुर।** परेड स्थित आईएमए परिसर में लोगों ने योग किया। योगाचार्य डॉ. रविन्द्र पोरवाल ने बताया कि वजन कम करने के लिए अश्व चालन आसन करना चाहिए। आईएमए अध्यक्ष डॉ. नंदिनी रस्तोगी ने योग का महत्व बताया। इस दौरान सचिव डॉ. विकास मिश्रा, डॉ. अवध दुबे, डॉ. संजय रस्तोगी, डॉ.उमेश पालीवाल, डॉ. दीपक श्रीवास्तव, डॉ.मीरा अग्निहोत्री, डॉ. एसी अग्रवाल, डॉ. रीता मित्तल, डॉ.अनुराग मेहरोत्रा, डॉ.रागिनी मिश्रा, डॉ. कल्पना दीक्षित, डॉ. यूसी सिन्हा, डॉ. किरन सिन्हा समेत आदि रहे। सीएसजेएमयू में भी योगाभ्यास किया गया। छात्रों ने सूर्य नमस्कार किया। विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति प्रो सुधीर कुमार अवस्थी, वरिष्ठ आयुर्वेदाचार्या डॉ. वंदना पाठक, कुलसचिव राकेश कुमार, वित्त अधिकारी डॉ. अशोक कुमार रहे।

### योग दिवस पर किया वृक्षारोपण

**कानपुर।** सेठ मोतीलाल खेड़िया विद्यालय में लगे भाजपा उत्तर के शिविर में जिलाध्यक्ष अनिल दीक्षित के नेतृत्व में पतंजलि योगपीठ की योगाचार्य प्रभावती ने आसन सिखाए। इस दौरान अनुपम मिश्रा, अनुराग शर्मा, संतोष शुक्ला, अवधेश सोनकर, प्रमोद त्रिपाठी, सीमा, सुनील जायसवाल, विनय पटेल, अनुराग शर्मा आदि रहे। भाजपा क्षेत्रीय कार्यालय में योग कार्यक्रम हुआ, जिसमें क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने योग कराया। महामंत्री पूनम द्विवेदी, अनीता गुप्ता, जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह, अनूप अवस्थी, जय प्रकाश कुशवाहा, दीप अवस्थी रहे।



भाजपाइयों ने पौधे लगाए। अमृत विचार

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

मैं **अनिल कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद ग्राम पहाड़पुर तहसील बीकेटी लखनऊ** का निवासी हूं। मेरा आधार अनिल कुमार पुत्र दुर्गा प्रसाद के नाम से बना है जो सही है। त्रुटिवश बीमा के दस्तावेजों पर पिता का नाम सुखराम दर्ज हो गया। जो कि गलत है।

**सूचना**

सूचित हो कि **सोनम पुत्री आसन्न निवासी शांती नगर बहुआ कस्बा तहसील व जिला फतेहपुर**, मेरी पत्नी सरिता देवी से एक पुत्री सोनम का जन्म 16/07/2015 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतः मेरे पुत्री सोनम का जन्म तिथि 16/07/2015 का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**

सूचित हो कि **यासीन पुत्र सैयद अली निवासी कृष्णा नगर पूर्वी बहुआ कस्बा तहसील वा जिला फतेहपुर** । मेरी पत्नी मीना से एक पुत्र यासीन का जन्म 01/01/2010 को घर पर ही हुआ था जानकारी के अभाव में उसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बन सका अतः मेरे पुत्र यासीन का जन्म तिथि 01/01/2010का पंजीकरण कर जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाय।

**सूचना**

मै **महेंद्र पाल पुत्र श्याम बाबू नाई निवासी ऐरवा पछेला थाना ऐरवा कटरा जिला औरैया**, उत्तर प्रदेश का हूँ। मै अपने पुत्र सौरभ व इनकी पत्नी प्रिया के झगडालू स्वभाव के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। आज के बाद इनके द्वारा नैतिक अनैतिक कार्यो से मेरा व मेरे परिवार का कोई संबंध नही होगा। इन दोनों लोगो के द्वारा किये गए किसी भी कृत्यो के लिए यही जिम्मेदार होंगे।

**सूचना**

मेरा हाईस्कूल प्रमाण पत्र, सह-अंकपत्र वर्ष 2015 अनुक्रमांक 1318855 एवं इंटरमीडिएट प्रमाणपत्र-सह- अंक अंकपत्र वर्ष 2017 अनुक्रमांक 0960375 वास्तव में खो गए हैं। **हर्षित गुप्ता पुत्र राधाकृष्ण गुप्ता, निवासी- ग्राम सुरजीपुर पोस्ट सतवाखेड़ा जनपद रायबरेली।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे बैनामाशुदा जमीन के पूर्व बैनामेदार का मूल दस्तावेज बैनामा संबंधित ग्राम कटहामाफी की गाटा संख्या 13 व 14 दिनांकित 04-01-2018 सहवन कहीं खो गया है, जिस सज्जन को बैनामा की प्रति प्राप्त हो मो. नंबर 9839956774 पर सूचित करने की कृपा करे। **गुड़िया पत्नी अजय कुमार सिंह, ग्राम कटहामाफी गोंडा उत्तर प्रदेश।**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम RAMU S/O SITARAM था जो कि आज दिनांक 10/06/2025 को मैने अपना नाम बदलकर RAMU BAHELIYA S/O SITARAM रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जाए। **निवासी ग्राम काशीजोत पोस्ट काशीजोत पयागपुर, जिला बहराइच यूपी।**

**सूचना**

मैं भारतीय सेना में दिनांक 10/11/1983 से नियुक्त था 01/12/2007 को सेवा मुक्त हुआ हूं वहां के अभिलेखों में मेरे पत्नी का नाम KALA BATI गलती से दर्ज हो गया है सही नाम KALAVATI VERMA है । **राम उजागर वर्मा पुत्र मोती लाल वर्मा निवासी किशुनपुर ग्रिंट उतरौला बलरामपुर।**

**सूचना**

पैन कार्ड में मेरा नाम DILEEP KUMAR अंकित है जो कि गलत है। आधार कार्ड में मेरा नाम DILEEP KUMAR YADAV S/O Shesh Ram Yadav है जो कि सही है। अन्य अभिलेख व कागजातों में भी मेरा नाम सही अंकित है। पैन कार्ड में भी मेरा नाम DILEEP KUMAR YADAV S/O Shesh Ram Yadav दर्ज किया जाए। **दिलीप कुमार यादव पुत्र शेषराम यादव ग्राम सुंदरघाट पूरे तेंदुआ जनपद गोंडा**

# नर्वल के खरौटी गांव में फैला बुखार, सब बीमार

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** नर्वल के खरौटी गांव में वायरल बुखार का प्रकोप है। यहां पर हर दूसरे व तीसरे घर में लोग बुखार से पीड़ित हैं। शनिवार को गांव में स्वास्थ्य विभाग की टीम पहुंची और 50 लोगों की जांच कर दवा वितरण की। साथ ही घर व आसपास के क्षेत्र में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

नर्वल के खरौटी गांव में रहने वाले लोगों में वायरल बुखार, खांसी, जुकाम, शरीर में दर्द व सिर में दर्द की समस्या बीते कुछ दिन से तेजी से बड़ी है। इस वजह से कुछ लोग इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरसौल पहुंचे और जानकारी दी। एक ही गांव के एक दर्जन से अधिक लोगों के बीमार होने की जानकारी पर सीएचसी प्रभारी डॉ. अजीत कुमार ने शनिवार को गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाया। सीएचसी के डॉ. राम मिलन के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बीमार 50 ग्रामीणों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया। बीमार लोगों को दवा उपलब्ध कराई। सीएचसी प्रभारी डॉ. अजीत कुमार के मुताबिक स्वास्थ्य टीम ने मरीजों को दवा उपलब्ध कराने के साथ ही बीमारी से बचाव की सलाह दी।

# क्रिकेट को बढ़ावा देने देशभर में जाऊंगा : पीयूष चावला

**कानपुर।** द स्पोर्ट्स हब (टीएसएच) में शनिवार को प्रेसवार्ता में टीम इंडिया के पूर्व खिलाड़ी पीयूष चावला ने कहा कि क्रिकेट मेरा जीवन है। अब तक मैदान पर खेला, अब माइक के साथ कमेंट्री में नजर आ रहा हूं। कहा, उत्तर प्रदेश से हूं, लेकिन क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए देशभर में जाऊंगा।

टीएसएच के डायरेक्टर प्रणीत अग्रवाल ने कहा कि संस्था अल्प आय वर्ग के 100 बच्चों को क्रिकेट का प्रशिक्षण दे रही है। पीयूष चावला से बच्चों को बहुत कुछ सीखने को मिला है और आगे भी ऐसे कैंप होते रहेंगे। पूर्व अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर शशीकांत खांडेकर मौजूद रहे। पीयूष चावला ने टीएसएच की सुविधाओं पर कहा कि यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतरीन है और फीस काफी सामान्य। क्रिकेट के भविष्य पर कहा कि रोहित और कोहली के संन्यास के बाद टीम इंडिया को लेकर जो सवाल उठते हैं, उनका जवाब भारत-इंग्लैंड टेस्ट मैच में खिलाड़ियों से मिल गया है।

# फार्मासिस्ट अनुपस्थित मिली ओपीडी में मरीज न के बराबर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

● **जिलाधिकारी ने नगरीय स्वास्थ्य केंद्र कैंट का औचक निरीक्षण किया**

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को कैंट स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। यहां पर एक फार्मासिस्ट आयुषी अनुपस्थित मिली, जिनका एक दिन का वेतन रोका। प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ.अनामिका वर्मा अवकाश पर थीं। सुजातगंज की एमओआईसी को अस्थायी प्रभारी नामित किया गया है और रजिस्टर के अनुसार वह एक दिन भी स्वास्थ्य केंद्र पर नहीं आयीं।

कैंट स्थित नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में एक प्रभारी चिकित्साधिकारी व 13 स्वास्थ्य कर्मी की तैनाती है। टीकाकरण कक्ष में दो बच्चे ही पंजीकृत मिले। जिलाधिकारी के मुताबिक आरोग्य मेला पंजिका के अनुसार केंद्र में 18 मई के बाद से किसी आरोग्य मेले का आयोजन नहीं हुआ है।

ओपीडी की उपस्थिति कम पाए जाने पर क्षेत्रीय प्रचार और लोगों से संवाद करने पर विशेष ध्यान देने को कहा गया है। इसके अलावा यहां पर सीबीसी मशीन भी तकनीकी कारणों से क्रियाशील नहीं मिली। जिलाधिकारी ने सीएमओ डॉ.उदय नाथ को निर्देश दिया है कि एक जनवरी 2025 से अब तक की ओपीडी उपस्थिति और डॉक्टरों की उपस्थिति का विवरण प्रस्तुत किया जाए।

**आज का मौसम**

तेज हवाओं, गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है।

31.0⁰ अधिकतम तापमान | 28.0⁰ न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05 : 17 | सूर्यास्त 07 : 05

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

## शहर में आज

- **श्रद्धांजलि सभा :** शुभम द्विवेदी की श्रद्धांजलि सभा ड्रीम लैंड अपार्टमेंट श्याम नगर में दोपहर 12 : 30 बजे।
- **समारोह :** गुरु गोविंद सिंह स्टडी सर्किल ज्ञान अंजन गुरमत समर स्कूल का समापन 11 ब्लॉक गोविंद नगर सुबह 11 बजे।
- **शिविर :** श्री रामलला आरोग्य धाम अस्पताल में स्वास्थ्य शिविर सुबह 10 बजे।
- **वितरण :** प्रात: 11 बजे पनकी शताब्दी नगर जली हुई झुग्गियों के पीड़ित लोगों के लिए खाना और कपड़े बांटने का प्रबंध किया गया है।

### गोविंदनगर ए-ब्लाक में अविवाहित भाई संग रहती थी वृद्धा, भाई पर ही हत्या करने का शक जताया जा रहा

# वृद्धा के पैरों में तार लपेटकर करंट लगाया, सिर पर बांका मार हत्या

- भाई गोविंदपुरी स्टेशन पर बेहोश पड़ा मिला, हैलट में भर्ती कराया, पुलिस को होश में आने का इंतजार



हैलट में भर्ती वृद्धा का भाई भगवान दास जिसपर शक है। अमृत विचार



पड़ोसियों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

**जघन्य हत्या**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गोविंदनगर ए-ब्लाक इलाके में शनिवार सुबह घर के अंदर वृद्धा का शव मिलने पर हड़कंप मच गया। वृद्धा की बेरहमी से हत्या की गई है। मारपीट के बाद पैर बांधकर करंट लगाया गया। फिर सिर पर बांके से वार किया गया है। वृद्धा के साथ रहने वाला भाई अचेत अवस्था में गोविंदपुरी स्टेशन पर मिला है। पुलिस ने उसे हैलट में भर्ती कराया है। पुलिस के अनुसार भाई पर भी शक है। उसके होश में आने पर पूछताछ की जाएगी।

ए-ब्लाक गोविंदनगर निवासी 67 वर्षीय द्रोपदी आनंद और उनका छोटा भाई भगवान दास दोनों अविवाहित हैं और साथ रहते थे। भगवान दास दादानगर स्थित एक बिस्कुट फैक्ट्री में नौकरी करते हैं। शनिवार सुबह उनके घर में काम करने वाली कच्ची बस्ती निवासी प्रेमा करीब नौ बजे पहुंची तो दरवाजा खटखटाया। कई बार खटखटाने पर न कोई जवाब मिला और न दरवाजा खुला। इस पर प्रेमा ने पड़ोसी अमित बत्रा को जानकारी दी। अमित ने जोरदार धक्का दिया तो दरवाजा खुल गया। प्रेमा के साथ वह अंदर दाखिल हुआ तो कमरे का नजारा देखकर उनकी चीख निकल गई। सामने बिस्तर पर वृद्धा द्रोपदी का शव पड़ा था। उन्होंने गोविंदनगर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच-पड़ताल की। द्रोपदी के दोनों पैरों को रस्सी से बांधा गया था। दोनों पैर के अंगूठे भी आपस में बंधे थे। जिस पर बिजली का तार लपेटा गया था। तार समीप ही स्विच बोर्ड में लगा था। करंट लगने से उनके पैर की उंगलियां झुलसी थीं। सिर पर बांके जैसे किसी धारदार हथियार से वार किया गया था, जिससे खून बह रहा था। पुलिस ने द्रोपदी के साथ रहने वाले भाई भगवान दास के बारे में पूछा तो वह लापता मिला।

पुलिस ने तलाश शुरू की तो वह गोविंदपुरी स्टेशन पर अचेत पड़ा मिला। पुलिस ने उसे इलाज के लिए हैलट भेजा और पुलिस ने फॉरेंसिक टीम बुलाकर घटनास्थल की जांच कराई। मौके से भाई के कपड़े मिले, जिस पर खून लगा है। बेड के समीप ही सोफे के नीचे बांका मिला है। जिससे वृद्धा के सिर पर वार कर हत्या की गई। पड़ोसियों से पुलिस को जानकारी हुई कि उनका एक भाई पुरुषोत्तम गुजरात के बड़ौदा में रहता है। पुलिस ने घटना की जानकारी उन्हें दी है। जिसके बाद वह गुजरात से निकल चुके हैं। रविवार सुबह तक शहर पहुंचेंगे।

### डिप्रेशन के चलते बहन की हत्या की आशंका

- पुलिस के अनुसार पड़ोसियों का कहना है कि भगवान दास बीते काफी समय से कुछ चिड़चिड़े हो गए थे। वह उदासी के कारण अवसाद की चपेट में दिखते थे। आशंका जताई कि हो सकता है डिप्रेशन के चलते किसी बात पर नाराज हुए हों और बहन की हत्या कर दी हो। फिलहाल पुलिस आरोपों की जांच कर रही है। हैलट में भर्ती भगवान दास के होश में आने का पुलिस इंतजार कर रही है।

### बीमार रहती थीं द्रोपदी

- डीसीपी साउथ दीपेंद्र नाथ चौधरी के अनुसार वृद्धा द्रोपदी बीमार रहती थीं, उनका इलाज चल रहा था। भगवान दास अवसाद के शिकार हैं। घटना के समय वह कहां थे, गोविंदपुरी कैसे पहुंचे, बेहोश कैसे हुए। कई सवाल हैं, जो उनके होश में आने पर ही जवाब मिलेगा। रविवार सुबह उनके भाई पुरुषोत्तम के आने पर कुछ स्थितियां सामने आ सकती हैं।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

# बालामऊ-रायबरेली पैसेंजर समेत कई ट्रेनें निरस्त की गईं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



- आगरा इंटरसिटी को कानपुर सेंट्रल से संचालित करेंगे
- स्वर्णशताब्दी एक्सप्रेस 25 जून को कानपुर नहीं आएगी

**अमृत विचार।** ट्रैफिक एवं पावर ब्लाक के कारण रेलवे प्रशासन ने कई ट्रेनों को निरस्त करने, कुछ ट्रेनों का रूट बदलने एवं कई ट्रेनों के समय में परिवर्तन करने की घोषणा की है। ये जानकारी उत्तर मध्य जोन के जनसंपर्क अधिकारी अमित सिंह ने दी है।

### ये गाड़ियां 23 से 25 जून तक रद्द

- गाड़ी संख्या 54335 बालामऊ-कानपुर सेंट्रल पैसेंजर
- गाड़ी संख्या 54336 कानपुर सेंट्रल से बालामऊ पैसेंजर
- गाड़ी संख्या 54153 रायबरेली से कानपुर सेंट्रल पैसेंजर
- गाड़ी संख्या 54154 कानपुर सेंट्रल से रायबरेली पैसेंजर

### इन गाड़ियों का आंशिक निरस्तीकरण

- गाड़ी संख्या 12179 लखनऊ से आगरा इंटरसिटी 25 जून को कानपुर सेंट्रल से चलेगी
- गाड़ी संख्या 12180 लखनऊ से आगरा इंटरसिटी 25 जून को सेंट्रल स्टेशन से चलेगी

### इन गाड़ियों का मार्ग परिवर्तित

- 12004 नई दिल्ली लखनऊ स्वर्णशताब्दी 25 जून को गाजियाबाद, मुरादाबाद होते हुए लखनऊ जाएगी।
- 15066 पनवेल-गोरखपुर एक्सप्रेस 24 जून को लखनऊ, रायबरेली, अमेठी के बजाय कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, फाफामऊ, मां बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, अयोध्या, मनकापुर गोंडा होते हुए चलेगी।
- 12173 लोकमान्य टर्मिनल-प्रतापगढ़ एक्सप्रेस 24 जून को लखनऊ, रायबरेली, अमेठी के बजाए कानपुर सेंट्रल, प्रयागराज जंक्शन, फाफामऊ, मां बेल्हादेवी धाम प्रतापगढ़ जाएगी।

### ये गाड़ियां लेट संचालित होंगी

- 64212 कानपुर से लखनऊ के लिए 25 जून को 7 घंटे देरी से चलेगी।
- 12469 कानपुर से जम्मूतवी एक्सप्रेस 25 जून को 4 घंटे देरी से चलेगी।
- 14124 कानपुर से प्रतापगढ़ इंटरसिटी 23 से 25 जून तक 45 मिनट लेट चलेगी।
- 22445 कानपुर सेंट्रल से अमृतसर सुपरफास्ट 23 जून को 30 मिनट देरी से चलेगी।

## एक नजर

### हादसे में युवक की मौत हत्या का आरोप

**कानपुर।** गोविंदनगर में औरैया के रहने वाले युवक की हादसे में मौत हो गई। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। औरैया के सहार चांदपुर गांव निवासी 37 वर्षीय दिनेश कुमार कुछ दिनों से नौरैयाखेड़ा में रहकर प्राइवेट नौकरी करते थे। परिजनों के अनुसार दिनेश ने गुरुवार को फोन पर क्षेत्र के एक युवक से विवाद होने की बात बताई थी। उसने कहा था कि युवक ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। लेकिन शुक्रवार शाम दादानगर में उसकी मौत हो गई। पत्नी नेमा देवी और चाचा वीरेंद्र कुमार का आरोप है कि उसी युवक ने दिनेश के साथ यह हादसा किया है। गोविंदनगर इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर जांच व कार्रवाई की जाएगी।

### एटीएम में कार्ड फंसा, 87 हजार रुपये पार

**कानपुर।** महाराजपुर के हथिरुआ निवासी श्याम सुंदर द्विवेदी किसान हैं। उन्होंने बताया कि बीती 27 मई की सुबह रामादेवी चौराहा के समीप एचएएल गेट के बाहर लगे एटीएम से रुपये निकाल रहे थे। एटीएम में कार्ड लगाने के बाद पिन और पांच हजार रुपये रकम डाली, लेकिन ट्रांजेक्शन फेल हो गया। कार्ड भी फंस गया। हेल्पलाइन नंबर पर फोन किया तो बात करने वाले ने इंजीनियर भेजने की बात कही। उनसे कहा गया कि जाए कार्ड मिल जाएगा। एटीएम से बाहर निकले तो बाहर एक युवक खड़ा था। वह रामादेवी चौराहा की तरफ चले गए, कुछ देर बाद खाते से 87 हजार रुपये निकलने का मैसेज आया। वापस एटीएम गए तो उनका कार्ड भी गायब था। उन्होंने बैंक व पुलिस से शिकायत की। चकेरी थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।



टूटी पेयजल लाइन की जानकारी लेते नगर आयुक्त। अमृत विचार

# 20 लाख लोगों को दूसरे दिन भी नहीं मिला पीने का पानी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने तिलक नगर पहुंचकर कहा जल्द पाइप लाइन करें दुरुस्त
- गलीपिट की सफाई पर लिया जायजा, सीएम ग्रिड योजना के तहत बन रही सड़क भी देखी

**अमृत विचार।** तिलकनगर में टूटी मुख्य पाइप लाइन को जोड़ने का कार्य शनिवार देर शाम तक नहीं हो सका। जिससे दूसरे दिन भी करीब 20 लाख लोगों को पानी की सप्लाई नहीं हो सकी। नगर आयुक्त सुधीर कुमार शनिवार को दोपहर में अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंचे और जलनिगम नगरीय के द्वारा जेएनएनयूआरएम के अंतर्गत पाइप लाइन डाले जाने के कार्य दौरान हुई क्षतिग्रस्त पाइप के लीकेज मरम्मत को तत्काल ठीक करने के निर्देश दिए। कार्य कर रहे कर्मचारियों ने बताया कि पानी के लगातार रिसाव की वजह से वेल्डिंग करने में दिक्कत आ रही है।

नगर आयुक्त सुधीर कुमार, अपर नगर आयुक्त प्रथम, महाप्रबंधक जलकल, मुख्य अभियंता, नगर स्वास्थ्य अधिकारी, अधिशासी अभियंता जल निगम के साथ सबसे पहले तिलक नगर पहुंचे इस दौरान उन्होंने पाइप लाइन को जल्द जोड़ने को कहा, हालांकि देर शाम तक पाइप लाइन ठीक नहीं हो सकी। इससे प्रमनगर, कारवालो नगर, लक्ष्मीपुरवा समेत कई मौहल्लों में पानी की सप्लाई नहीं हो सकी है। इसके बाद उन्होंने गलीपिट की सफाई का जायजा लिया। सीएम ग्रिड योजना के तहत बन रही सड़क भी देखी। भैरवघाट चौराहे पर गलीपिट का निरीक्षण किया। जोन -1 में सीएम ग्रिड योजना के अंतर्गत चल रहे निर्माण को देखा। यहां ग्रीनपार्क से परेड होते हुए घंटाघर तक का निरीक्षण में पाया गया कार्य मंद गति से हो रहा है। इसपर उन्होंने 2 पालियों में कार्य करने के आदेश दिए।

# 15 घंटे श्याम नगर, रामपुरम में नहीं रही बिजली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- केस्को की अव्यवस्था से हजारों लोग परेशान, फॉल्ट बनने में लग रहे घंटों

**अमृत विचार।** केस्को की बिजली व्यवस्था वर्तमान में इस कदर गड़बड़ा गई है कि लोगों को 15 घंटों तक बिजली के लिए तरसना पड़ रहा है। श्याम नगर रामपुरम में शुक्रवार रात एक बजे बिजली गुल हुई और शनिवार सुबह तक नहीं आ सकी। केस्को के मुताबिक ट्रांसफार्मर में समस्या आने की वजह से दिक्कत रही।

शनिवार सुबह से संजय नगर में बिजली रात नौ बजे तक नहीं थी। वाजिदपुर में दोपहर एक बजे से बिजली सात बजे तक गुल थी। इसके अलावा निराला नगर, कोयला नगर, जाजमऊ, आवास विकास हंसपुरम, सर्वोदय नगर, गोविंद नगर, श्याम नगर, रविंद्र नगर, सिविल लाइंस, फ्रेंड्स कॉलोनी समेत 50 से अधिक क्षेत्रों में दिनभर बिजली का संकट रहा। कई क्षेत्रों में बिजली का आवागमन बना रहा। इसके अलावा नवीन नगर, काकादेव, चमनगंज, गांधी नगर समेत आदि एक दर्जन क्षेत्रों में 20 से अधिक बार ट्रिपिंग हुई। केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक 33केवी भूमिगत केबिल में फॉल्ट होने से वाजिदपुर व संजय नगर उपकेन्द्र की बिजली दोपहर 12:30 बजे से शाम छह बजे तक नहीं थी।



मरम्मत कार्य करता बिजली कर्मी। अमृत विचार

### आक थू, शर्म नहीं आ रही है...

- श्याम नगर रामपुरम में 15 घंटे तक बिजली नहीं आने से परेशान एक व्यक्ति का गुस्सा केस्को पर फूट पड़ा। उसने केस्को के एक्स अकाउंट पर लिखा कि उत्तर प्रदेश सरकार व कानपुर बिजली विभाग पर आक थू, शर्म नहीं आ रही है। कल रात से अधिकारी बेशर्मी से सो रहे हैं और फोन उठाते नहीं हैं। रामपुरम श्याम नगर में बिजली पिछली रात से नहीं है। अगर थोड़ी शर्म है तो बिजली चालू करें, अन्यथा मुख्यमंत्री कार्यवाही करें।

### 1488 शिकायतों में से 1152 हुईं निस्तारित

- केस्को मीडिया प्रभारी देवेंद्र वर्मा के मुताबिक शनिवार को 1912 पर 1488 शिकायतें आई थी, जिनमे से 1152 शिकायतों का निस्तारण किया गया, शेष का भी जल्द निस्तारण होगा। वहीं, फीडर की ट्राली में फॉल्ट होने की वजह से नयागंज, दालमंडी, भूसाटोली व सेंट जॉन फीडर की बिजली आपूर्ति तीन घंटे नहीं थी। वीसीबी में फॉल्ट से परमपुरवा में ढाई घंटे, एचटी लाइन पर पेड की डाल आने से आरएनडी कॉलेज फीडर की बिजली डेढ़ घंटे, पोल क्षतिग्रस्त होने से कल्याणपुर में एक घंटा, कृष्णा नगर व पोखरपुर में एक घंटा बिजली नहीं थी।

# यमुना पुल मरम्मत के लिए आज बंद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- रविवार को प्रात: 6 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक पूर्णरूप से बंद
- कानपुर से सागर हाईवे पर जाने वाले वैकल्पिक मार्ग से होकर जाएं

**अमृत विचार।** हमीरपुर में यमुना नदी पुल की मरम्मत के लिए रविवार को प्रातः 6 बजे से सोमवार को प्रातः 6 बजे तक मुख्य मार्ग बंद रहेगा। ऐसे में कानपुर से सागर हाईवे पर जाने वाले किसी वैकल्पिक मार्ग से जाएं क्योंकि इस पुल के पिल में लगी बेयरिंग तत्काल बदलने, दरारों को खत्म करने और मजबूती के लिए कोठियों की स्लैब की मरम्मत की संस्तुति की गई है।

केंद्रीय सड़क अनुसंधान संगठन (सीआरआरआई) की टीम ने कुछ दिनों पहले कानपुर-सागर राष्ट्रीय राजमार्ग में 49 साल पहले हमीरपुर जिले में बने यमुना नदी पुल का सर्वे किया था। टीम ने निरीक्षण में पाया था कि पुल में काफी कंपन है। पाया गया कि प्रतिदिन हजारों की संख्या में ओवरलोड डंफर, ट्रकों के कारण पुल की ये दुर्दशा हुई है। एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पंकज यादव ने बताया कि 14 जून से 21 जुलाई तक प्रत्येक सप्ताह रविवार सुबह छह बजे से सोमवार सुबह छह बजे तक मरम्मत कार्य होगा और इस दौरान पुल पर वाहनों का आवगमन पूर्ण रूप से बंद रहेगा। कानपुर व घाटमपुर से हमीरपुर, सुमेरपुर व कबरई की तरफ जाने वाले वाहनों के लिये वैकल्पिक मार्ग तैयार किया गया।

### ऐसे जाएंगे वाहन कबरई व हमीरपुर

- कानपुर से चौडगरा-बांदा होते हुए वाहन चलेंगे
- कानपुर से कालपी, उरई, बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे होते हुए कबरई जाएंगे।
- कानपुर से मूसानगर, मनकीपुल व कुरारा होते हुए हमीरपुर जाएं।
- कानपुर से चौडगरा, पपरेंदा होते हुए सुमेरपुर जाएं।



अलमारी दिखाते गृहस्वामी। अमृत विचार

# मोटर पार्ट्स कारोबारी के घर से 13 लाख की चोरी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शास्त्रीनगर में घरवालों के गहरी नींद में सोते समय चोर मोटर पार्ट्स कारोबारी के घर से 12 लाख से अधिक का नकदी-जेवर समेट ले गए। शनिवार सुबह उठे परिजनों ने अलमारी और लॉकर खुला देखा तो सन्न रह गए। कमरे में सामान भी बिखरा पड़ा था और लॉकर से जेवर गायब थे। पीड़ित ने चोरी की सूचना काकादेव पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच-पड़ताल की है। शास्त्रीनगर लेबर कालोनी निवासी सत्येंद्र पांडेय की गड़रियनपुरवा में मोटर पार्ट्स की दुकान है। सत्येंद्र के अनुसार परिवार में पत्नी आकांक्षा, सास आशा देवी और दो बेटियां आरुषि व अनिका हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात परिवार के सभी लोग खाना खाकर कमरों में सोने के लिए चले गए। देर रात गहरी नींद में होने पर उसी बीच चोर मकान में दाखिल हुए। कारोबारी के अनुसार चोरों ने कोई ताला नहीं तोड़ा है। अलमारी खुली होने के कारण चोर 55 हजार रुपये और करीब 12 लाख के चांदी व सोने के जेवर ले गए हैं। सुबह घटना की जानकारी होने पर काकादेव पुलिस को चोरी की सूचना दी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने जांच-पड़ताल की और फॉरेंसिक टीम बुलाकर साक्ष्य जुटाए। काकादेव थाना प्रभारी मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि घटनास्थल के पास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में एक संदिग्ध दिखाई दिया है। पीड़ित कारोबारी की शिकायत पर रिपोर्ट दर्जकर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### नौकरानी पर संदेह

पीड़ित कारोबारी ने बताया कि एक साल से उनके घर में एक महिला काम कर रही है। वह घर में हर चीज के बारे में जानती है। अक्सर घर में वीडियो बनाती थी और वीडियो कॉल करती थी। जिस तरह से चोरी की घटना की अंजाम दिया गया है। उससे यह प्रतीत हो रहा कि घटना में किसी करीबी और जानकार का हाथ हो सकता है। शुक्रवार रात को चोरी हुई और शनिवार सुबह नौकरानी से खुद ही फोन करके बताया कि वह आज नहीं आ सकती है। जिससे नौकरानी पर संदेह है।

**दीक्षांत समारोह** | कलाश तलाटी व ध्रुव मिश्रा का नाम डायरेक्टर गोल्ड मेडल के लिए चुना गया

# आईआईटी : तालिन गुप्ता को मिलेगा प्रेसिडेंट गोल्ड

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**2848** मेधावियों को दी जाएंगी उपाधियां | **300** छात्रों को पीएचडी डिग्री दी जाएगी



- आईआईटी में 23 को दीक्षांत समारोह, आरबीआई के गर्वनर होंगे मुख्य अतिथि

**अमृत विचार।** आईआईटी कानपुर का दीक्षांत समारोह 23 जून को आयोजित होगा। तालिन गुप्ता को सीनेट की ओर से प्रेसिडेंट गोल्ड मेडल के लिए चुना गया है। कलाश तलाटी व ध्रुव मिश्रा का नाम डायरेक्टर गोल्ड मेडल के लिए चुना गया है। शंकर दयाल शर्मा अवॉर्ड के लिए अभिषेक यादव का नाम चुना गया है। समारोह के दौरान रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के गवर्नर संजय मल्होत्रा बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

यह जानकारी शनिवार को आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो मणींद्र अग्रवाल ने दी। उन्होंने बताया कि दीक्षांत समारोह के लिए सभी मेडल कैटेगरी के लिए नाम सीनेट की ओर से फाइनल कर दिए गए हैं। अब बोर्ड मीटिंग में नाम रखे जाएंगे। मेडल लिस्ट में परिवर्तन भी हो सकता है। दीक्षांत समारोह में 2848 मेधावियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इनमें स्नातक करने वाले छात्रों में 269 पीएचडी प्राप्तकर्ता हैं। एमटेक-पीएचडी (संयुक्त डिग्री) से 29 छात्र व एमडीईएस-पीएचडी (संयुक्त डिग्री) से 2 छात्र हैं। डीन ऑफ एकेडमिक अफेयर प्रो अशोक डे ने बताया कि दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले मेधावियों में एमएस (शोध द्वारा)-पीएचडी (संयुक्त डिग्री) से 2 छात्र व एमटेक प्राप्तकर्ता 480 छात्र शामिल हैं। इसी तरह बीटेक 874 और बीएस प्राप्तकर्ता 204 छात्र शामिल हैं। एमएससी (2-वर्षीय) से 194 छात्र जबकि एमबीए से 145 छात्र शामिल हैं। एमडीईएस से 20 व एमएस (शोध) से 83 छात्रों को डिग्री मिलेगी। पीजीपीईएक्स-वीएलएफएम से 40 व डबल मेजर से 26 छात्र होंगे। दोहरी डिग्री से 93 व एमएस-पीडी (दोहरी डिग्री का एमएस भाग) से 26 और ईमास्टर्स डिग्री कार्यक्रमों से 361 छात्र शामिल होंगे।

दीक्षांत समारोह में संस्थान की ओर से लगभग तीन सौ छात्रों को पीएचडी डिग्री प्रदान की जाएगी। बताया गया कि ऐसा पहली बार हो रहा है जब संस्थान में पीएचडी डिग्री प्रदान करने वाले छात्रों का आंकड़ा तीन सौ के पार पहुंच रहा है। इससे पहले संस्थान की ओर से हर साल 220 से 250 तक पीएचडी छात्रों को डिग्री प्रदान की जाती थी।

### भारतीय परिधान करेंगे धारण छात्र-छात्राएं

- दीक्षांत समारोह में छात्र व छात्राएं पारंपरिक भारतीय परिधान में डिग्रियां व मेडल लेते हुए नजर आएंगे। संस्थान की ओर से छात्र-छात्राओं के लिए डेस कोड तैयार किया गया है। इस ड्रेसकोड में छात्र क्रीम रंग का कुर्ता और सफेद पायजामा और छात्राओं को नेहरू स्टाइल का क्रीम रंग का कुर्ता और सफेद रंग की चूड़ीदार या लैगिंग्स पहनना अनिवार्य किया गया है। छात्राओं के लिए क्रीम रंग की साड़ी भी विकल्प है।

# रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत

**कानपुर।** रेलबाजार में टाटमिल चौराहा पर शुक्रवार सुबह रोडवेज बस की टक्कर से युवक की मौत हो गई। पुलिसकर्मी उसे पास के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने ब्राडडेड घोषित कर दिया। युवक की पहचान मंधना निवासी 45 वर्षीय बृजेश गुप्ता उर्फ रिंकू के रूप में हुई, जो कबाड़ का काम करता था। उसकी पत्नी सुनीता ने बताया कि गुरुवार वह अपने तीनों बच्चों शिवा, परी और सत्यम के साथ अयोध्या जा रहे थे। पति को भी साथ जाना था, लेकिन उन्होंने पीछे से आने की बात कही थी। वह लोग अयोध्या पहुंच गए, लेकिन पति नहीं आए। फोन मिलाने पर किसी ने उठाकर हादसे में पति की मौत की जानकारी दी।

## एक नजर

### हजरत दादा मियां की मजार पर हाजिरी, कुलशरीफ आज

**कानपुर।** बेकनगंज स्थित दादा मियां चौराहे पर हजरत दादा मियां का दो दिवसीय उर्स मुबारक शुरु हो चुका है, शनिवार की रात में बारिश के बावजूद मजार शरीफ पर हाजिरी देने वालों का तांता लगा रहा। रविवार को सुबह 11 बजे कुलशरीफ होगा। खानकाह हजरत दादा मियां के सज्जादानशीन सैयद अबुल बरकात नजमी ने बताया कि शनिवार को रातभर अकीदतमंदों की भारी भीड़ ने मन की मुरादें पाने के लिए हाजिरी दीं। इस मौके पर सैयद अब्ल हसनात हक्की ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

### भौंती में दुकान से नकदी-माल ले गए चोर

**कानपुर।** भौती में चोरों ने तीन दिन पहले एक दुकान को निशाना बनाया। पीड़ित ने बताया कि पनका बहादुर निवासी धर्मराज की भौती अंडरपास के पास दुकान है। वह पान-मसाला, सिगरेट और अन्य सामान बेचते हैं। 18 जून को सुबह जब वह दुकान गए तो सामान बिखरा पड़ा मिला। चोर दुकान से सात हजार रुपये, समान ले गए हैं। करीब बीस हजार का माल गया है। पनकी थाना प्रभारी मानवेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

### नाली में गिरकर युवक की मौत

**कानपुर।** पनकी में शुक्रवार रात नशे की हालत में रतनपुर रोड पर नाली में गिरकर युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को सूचना दी। बिहार के कटिहार वरझल्ला प्राणपुर निवासी छोटू मंडल पनकी पावर हाउस में नौकरी करता था। उसके दोस्त बबलू ने बताया कि शुक्रवार रात छोटू ने ड्यूटी के बाद शराब पी। इसके बाद रतनपुर रोड पर नाली में गिर गया, सिर पर चोट आने से उसकी मौत हो गई।

# सीएमओ ईमानदार थे, इसलिए निलंबित कर दिया: चंद्रशेखर

## कहा, जातिगत जनगणना होनी चाहिए ताकि पता चल सके कि किसकी जेब में क्या है

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** आजाद समाज पार्टी के प्रबुद्ध सम्मेलन में शामिल होने शहर आए भीम आर्मी प्रमुख, असपा के रा. अध्यक्ष व बिजनौर नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि कानपुर का सीएमओ ईमानदार था इसलिये निलंबित कर दिया गया। सीएमओ को जातिसूचक गालियां दी गईं, उनको सिस्टम में आने का न्योता दिया गया, जब उन्होंने सिस्टम में आने से मना कर दिया तो उनको अपमानित करके हटा दिया गया। आधी सरकार उनकी तरफ है और आधी दूसरी तरफ है। उन्होंने कहा कि सीएमओ साहब अगर समाज के साथ रहेंगे तो आंख उठाने से पहले दूसरे लोगों को एक हजार बार चंद्रशेखर आजाद से लड़ना पड़ेगा।

मोतीझील के लाजपत भवन में आयोजित पार्टी के 7वें प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन की शुरुआत मिशन गायक सुदर्शन यादव ने अपने गीत से की। सांसद चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि मैं शुरू से कहता आया हूं कि जातीय जनगणना होनी चाहिए, इसके साथ ही आर्थिक आंकड़े भी जारी होने चाहिए। किसके पास कितना पैसा है, कितनी जमीन, कार, नौकरी, हेलीकॉप्टर हैं, कौन गरीबी में मर रहा है। इसकी भी जानकारियों को सार्वजनिक किया जाना चाहिए। उन्होंने 2027 में विधानसभा चुनाव के सवाल पर कहा कि पार्टी पूरे दम से चुनाव लड़ेगी, लेकिन चुनाव से पहले यूपी में जो गुंडाराज चल रहा है, उसे खत्म करना होगा। पंचायत चुनाव भी मजबूती के साथ लड़ा जाएगा।



प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन में नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद का स्वागत किया गया। अमृत विचार

- आर्थिक सर्वे भी हो, किसके पास हेलीकॉप्टर, कौन गरीबी में मर रहा ये पता चले
- सातवें प्रबुद्ध जन सम्मेलन में आए नगीना के सांसद, लाजपत भवन में हुआ कार्यक्रम

### अभी तो 11 सम्मेलन और बाकी हैं

चंद्रशेखर ने कहा कि सहारनपुर से अस्तित्व बचाव भाईचारा बनाव प्रबुद्ध सम्मेलन की शुरुआत हुई। अभी 11 सम्मेलन और होने हैं। जिसका उद्देश्य दलितों, पिछड़ों को उनका अधिकार दिलाना है। दलित, पिछड़े वर्ग के लोगों के अधिकार, आरक्षण, शिक्षा, रोजगार पर डाका पड़ रहा है। दलित, पिछड़ों को मार कर लटकाया जा रहा है। कमजोरों के अस्तित्व बचाने, कमजोर वर्ग को जोड़ने, लोगों की समस्याओं को दूर करने और भविष्य की तैयारियों के लिए यह सम्मेलन आयोजित हो रहा है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील चित्तोड़, कानपुर मुख्य मंडल प्रभारी रामगोपाल बाबू, मंडल प्रभारी धीरेंद्र कबीर, महानगर प्रभारी सुनील कुमार कोरी, बीएएसएफ मंडल प्रभारी अंकित कुमार, प्रदेश सहसंयोजक कौशल बाल्मिकी समेत 2 हजार लोग शामिल हुये।

बिजली के निजीकरण व शिक्षामित्रों के संयोजन के लिए पार्टी आंदोलन करेगी। वह जल्द ही कौशांबी जाकर पीड़ित परिवार से मिलेंगे और घटना की सीबीआई जांच कराने की भी मांग करेंगे। कानपुर के शताब्दी नगर में 50 झुग्गी झोपड़ियां जल गईं, लेकिन उनको मुआवजा नहीं दिया गया। इसकी भी लड़ाई लड़ी जाएगी।

## भतीजे से संबंध पर दंपती में कलह पत्नी ने जान दी

**कानपुर।** भतीजे संग पत्नी के अश्लील आडियो व वीडियो देख पति तमतमा उठा। पति-पत्नी में कलह, मारपीट के बाद महिला ने जहर खा लिया। परिजनों ने उसे हैलट में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। नवाबगंज पुलिस ने जांच-पड़ताल की।

नवाबगंज के ख्योरा इलाके में रहने वाले किसान की पहली पत्नी की मृत्यु के बाद उसने दो साल पहले दूसरी शादी की थी। शादी के कुछ समय बाद ही वह एक मामले में वह जेल चला गया, इस बीच उसकी पत्नी की नजदीकियां उसके भतीजे निखिल से हो गईं। कुछ दिनों बाद वह छूटकर आया। किसान के अनुसार कुछ दिनों पहले उन्हें पत्नी का भतीजे से संबंध होने की जानकारी हुई। इस पर वह नजर रखने लगा। बहाने से भतीजे का मोबाइल चेक किया तो पत्नी के साथ बातचीत का अश्लील आडियो व कई वीडियो भी मिला। इस पर उसने पत्नी पर सख्ती बरती तो उनके बीच कलह होने लगी। बीते सोमवार को उसी बात को लेकर विवाद हो गया।

मारपीट होने पर पत्नी ने जहरीला पदार्थ खा लिया। हैलट में शुक्रवार रात उसकी मौत हो गई। वहीं महिला की मां का आरोप है कि बीती 7 जून को दामाद ने बेटी से मारपीट की थी। पुलिस के अनुसार अगर तहरीर मिलती है तो उसके आधार पर कार्रवाई होगी।


ज्योतिष महासम्मेलन में एमएलसी अरुण पाठक भी पहुंचे। अमृत विचार

# देशभर के 300 से अधिक ज्योतिषाचार्यों का सम्मान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** एएमपी इंस्टीट्यूट आफ एस्ट्रोलाजी एंड वैदिक साइंस, कानपुर की ओर से नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में विराट ज्योतिष महासम्मेलन का आयोजन किया गया। इंस्टीट्यूट के प्रमुख आचार्य कानपुर के डॉ अमित मोहन पदमावत के संयोजन में हुए कार्यक्रम में कानपुर और देशभर से आए 350 दिग्गज ज्योतिषाचार्य, भागवत आचार्य, वास्तु शास्त्री, टैरोकार्ड रीडर, अंक ज्योतिषाचार्य और समाजसेवियों को सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी उपस्थित रहे। सूरतगढ़ के विधायक विनय वर्मा, कानपुर के एमएलसी अरुण पाठक, बिल्हौर के विधायक राहुल बच्चा सोनकर, सांसद रमेश अवस्थी के प्रतिनिधि उपेंद्र शुक्ला, संजय तिवारी, उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापारी एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी, भाजपा प्रदेश मंत्री ज्योति सोनी, मध्य प्रदेश के प्रचारक रहे जोगी विजेंद्र नाथ ने अवार्ड प्रदान किए। प्रमुख रूप से हरियाणा से ज्योतिषाचार्य मोहित मित्तल, गाजियाबाद से प्रीति बिश्नोई को एस्ट्रोलॉजिकल लाइफटाइम अचीवमेंट एंड ज्योतिष रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। कानपुर की अंजली दुबे, दिल्ली की ज्योतिषाचार्य मंजू शर्मा, श्वेता विज, रोमी को दिल्ली रत्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। ज्योतिष आचार्य रोशनी, कैलाश शर्मा (भोपाल) सोनिया गर्ग, डॉली भगत, सारिका त्यागी, शशांक शर्मा, विवेक भदौरिया विवेक सोनी, नीलम निरंजन आदि को विभिन्न अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संचालक आचार्य डॉक्टर अमित मोहन पद्मावत ने कहा कि ज्योतिषाचार्यों को अभी और अध्ययन करने की आवश्यकता है जिससे सटीक भविष्यवाणी की जा सकें।

# उद्यमियों की सहायता करें बैंक

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** औद्योगिक विकास के लिए शनिवार को बैंकर्स व उद्यमियों की विशेष बैठक हुई। सांसद रमेश अवस्थी की अध्यक्षता में हुई बैठक में बैंक प्रतिनिधियों को उद्यमियों की सहायता करने का सुझाव दिया गया। बैठक में ऋण के लिए आवेदन करने वाले उद्यमियों की आवेदन संबंधी सहायता का भी सुझाव दिया गया।

सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला सलाहकार समिति की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा हुई। सांसद रमेश अवस्थी ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तरण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। जिले के औद्योगिक विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए बैंकों और उद्यमियों के मध्य विशेष बैठक का आयोजन किया जाए। उद्यमियों को अधिक से अधिक ऋण उपलब्ध कराते हुए, उनकी ऋण संबंधी समस्याओं का समाधान किया जाए। जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी बैंकों को निर्देश देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।


बैठक में मौजूद सांसद रमेश अवस्थी, डीएम जेपी सिंह आदि। अमृत विचार

- औद्योगिक विकास के लिए ऋण को जरूरी बताया

## सीएमओ मामले में जांच की मांग

**कानपुर।** आजाद अधिकार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमिताभ ठाकुर ने मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर निलंबित सीएमओ डॉ. हरिदत्त नेमी द्वारा डीएम कानपुर नगर पर लगाए गए आरोपों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की। उन्होंने कहा कि डॉ. नेमी ने 17 जून 2025 को मुख्यमंत्री को पत्र भेज कर डीएम पर गंभीर आरोप लगाए थे। इनमें डीएम द्वारा एसीएमओ भंडार और नोडल अधिकारी नर्सिंग होम के पद पर 20 वर्षों से तैनात डॉ.सुबोध यादव के ट्रांसफर को निरस्त करने व सीबीआई के चार्जशीट फर्म मेसर्स जे के फार्मा को रुपये 1.6 करोड़ का नियमविरुद्ध भुगतान करने का दबाव बनाने व डॉ. नेमी पर जातिगत टिप्पणी करने के आरोप शामिल हैं।

# बार-बार नियम तोड़ने पर लाइसेंस रद्द होगा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**02** जुलाई को संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक प्रस्तावित

**अमृत विचार।** मंडलायुक्त कानपुर मंडल की अध्यक्षता में 2 जुलाई को संभागीय परिवहन प्राधिकरण की बैठक होगी जिसमें परिवहन से संबंधित मामलों पर सुनवाई होगी। कई बार यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों की ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त करने पर विचार होगा।

संभागीय परिवहन अधिकारी राकेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि ओवरलोड एवं परमिट नवीनीकरण नहीं करने वाले परमिट के निरस्तीकरण पर भी विचार होगा। जिन चालकों का तीन बार चालान हुआ है, उनके ड्राइविंग लाइसेंस को रद्द करने पर भी विचार होगा। इस बैठक में कैरेज बाईरोड एक्ट 2007 के अंतर्गत कामन कैरियर के पंजीकरण के लिए प्रार्थना पत्रों पर विचार होगा। टैंपो, टैक्सी, आटो रिक्शा, स्टेज कैरिज, कानपुर नगर बस, स्कूल वैन परमिटों की वैधता 5 वर्ष से अधिक समय पूर्ण होने के पश्चात परमिटधारक द्वारा परमिट का नवीनीकरण नहीं कराये जाने के कारण परमिट के निरस्तीकरण पर विचार हो सकता है। औरैया-घटिया घाट मार्ग पर स्थाई स्टेज कैरेज परमिट के लिए प्राप्त आवेदनों पर भी विचार होगा।

## सार-संक्षेप

### स्वदेशीकरण के लिए एमओयू किया

**कानपुर।** आईआईटी कानपुर और हेडक्वार्टर्स वेस्टर्न कमांड, चंडीमंदिर के बीच एक समझौता (एमओयू) हुआ। इस समझौते का मकसद अनुसंधान एवं विकास, नवाचार और विभिन्न साझा क्षेत्रों में स्वदेशीकरण को बढ़ावा देना है। समझौता ज्ञापन पर आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणीन्द्र अग्रवाल और पश्चिमी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ, लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने हस्ताक्षर किए। इस दौरान आईआईटी कानपुर के अनुसंधान एवं विकास के एक्टिंग डीन, प्रो. कुमार वैभव श्रीवास्तव भी उपस्थित रहे। इस साझेदारी का उद्देश्य अभियांत्रिकी, भौतिक विज्ञान, जैव-चिकित्सा विज्ञान, प्रबंधन और सामाजिक विज्ञान जैसे क्षेत्रों में साझा रिसर्च को बढ़ावा देना है। लेफ्टिनेंट जनरल मनोज कुमार कटियार ने स्मार्ट सिस्टम्स एंड ऑपरेशंस लैब, सेंटर फॉर डिवेलपिंग इंटेलिजेंट सिस्टम्स, ड्रोन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की सुविधाओं को भी परखा।


समझौता करते अधिकारी। अमृत विचार


गुरुद्वारे में शबद कीर्तन हुआ। अमृत विचार

### मेरे माधव जी सत्संगत मिले सो तरिया

**कानपुर।** गोविंद नगर स्थित गुरुद्वारा बाबा श्री चंद्र दरबार नगर में रागी रणजीत सिंह जी राणा साहिब वाले ने शबद गायन करके संगत का मन मोह लिया। मेरे माधव जी सतसंगत मिले सो तरिया...गुरु प्रसाद परम पद पाया सूखे काष्ठ हरिया...। शुक्रवार को गुरुद्वारा में कीर्तन दरबार सजाया गया जिसमें कीर्तन के साथ गुरमत विचारों द्वारा स्पष्ट किया कि हमारे करम पॉजिटिव हों और साथ ही साथ सतसंगत भी हों। प्रधान अशोक सदवानी, ज्ञानी त्रिलोचन सिंह, सुरेश कालरा, शिव अरोड़ा, राजकुमार लालडिनानी, परमजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, सोनू, कुलजीत सिंह आदि उपस्थित थे।



प्रेस वार्ता में जानकारी देते डाक्टर। अमृत विचार

### सेंटर फॉर साइट ने शुरू की एडवांस्ड रेटिना सर्जरी

**कानपुर।** सुपर स्पेशलिटी आई केयर नेटवर्क सेंटर फॉर साइट ने शनिवार को एडवांस्ड रेटिना सर्जिकल सेवाओं की शुरुआत की। रेटिना सर्जन डॉ. प्रणव सलूजा ने कहा कि रेटिनल बीमारियां अक्सर तब तक नजर नहीं आतीं, जब तक बहुत देर न हो जाए। यहां पर रेटिना यूनिट जटिल रेटिनल समस्याओं की पहचान और इलाज के लिए विशेष रूप से डिजाइन किया गया है। इसमें रेटिनल डिटैचमेंट, उम्र संबंधी मैक्युलर डिजेनेरेशन और प्रिमेच्योर शिशुओं में रेटिनोपैथी जैसे रोगों के इलाज के लिए नई सर्जिकल तकनीकें उपलब्ध हैं। सीनियर कंसल्टेंट कैटरेक्ट एवं मेडिकल रेटिना डॉ. विशाल सक्सेना व डॉ.मनीषा द्विवेदी आदि रहे।

### रामगंगा नहर में दो शव मिले, हड़कंप

**कानपुर।** सचेंडी के बिनौर इलाके में रामगंगा नहर में शनिवार शाम दो शव उतराते मिले। राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने शवों को निकलवाया। लोगों से पूछताछ की, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। एक शव तीन दिन व दूसरा आठ से दस दिन पुराना बताया जा रहा है। सचेंडी थाना प्रभारी दिनेश सिंह बिष्ट ने बताया कि दो शवों को बिनौर नहर पुल में उतरता देखा गया है। शरीर पर कपड़े नहीं हैं। एक की उम्र करीब 35 वर्ष व दूसरे की करीब 40 वर्ष है। कन्नौज के सौरिख गांव में एक युवक की गुमशुदगी है। उसके परिजनों को बुलाया गया, लेकिन पहचान नहीं कर पा रहे हैं। आसपास के जिलों को सूचना भेजी गई है।

# स्मार्ट मीटरों की जांच कंपनी से मांगा ब्योरा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** केस्को शहर में लगाए गए एक लाख 52 हजार मीटरों की जांच करेगा। इस संबंध में केस्को एमडी ने स्मार्ट मीटर लगाने वाली कंपनी को पत्र लिखकर पूरा ब्योरा मांगा है।

चमनगंज क्षेत्र में केस्को की टीम ने चप्पल कारोबारी अनीस और मोहम्मद अहमद के घर में फर्जी स्मार्ट मीटर पकड़े थे। इन दोनों स्मार्ट मीटरों का रिकॉर्ड केस्को के पास नहीं मिला है। यह मीटर दिखावे के लिए लगाकर बिजली का उपयोग किया जा रहा था। इसके बाद केस्को एमडी सैमुअल पॉल एन ने संबंधित कंपनी को पत्र लिखकर शहर में करीब डेढ़ लाख उपभोक्ताओं के घरों में लगाए गए स्मार्ट मीटरों का ब्योरा मांगा है। केस्को एमडी के मुताबिक स्मार्ट मीटरों की जांच कराने का अभियान शुरू कर दिया है।

## पति के दूसरी शादी करने पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**कानपुर।** नवाबगंज में रहने वाली महिला ने पति पर दूसरी शादी करने का आरोप लगा पुलिस कमिश्नर ऑफिस में शिकायत की। आरोप है कि न्यायालय में मामला विचाराधीन होने के बावजूद पति ने दूसरी शादी की है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। ख्योरा नई बस्ती की प्रीती के अनुसार फरवरी 2019 को उसका विवाह हरदोई के अनुराग राजपूत से हुआ था। शादी के बाद ससुरालीजन दहेज को लेकर प्रताड़ित करने लगे।

### जाम का झाम



बड़े चौराहे के आसपास दोपहर में काफी देर तक जाम लगा रहा। चारों ओर से आ रहे ईरिक्शा की धमाचौकड़ी से जाम और बढ़ता चला गया। अमृत विचार

**कार्रवाई** — एमएलसी अरुण पाठक ने प्रशासनिक बैठक में उठाया था मुद्दा

# घाटमपुर हाईवे पर बिना नंबर प्लेट के 42 वाहन सीज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बीते दिनों प्रशासनिक बैठक में जिलाधिकारी के समक्ष एमएलसी अरुण पाठक ने मामला उठाया था कि बिना नंबर प्लेट लगाए वाहन हाईवे पर दौड़ रहे हैं लेकिन आरटीओ प्रवर्तन दल ऐसे वाहनों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। इसी के मद्देनजर शनिवार को आरटीओ प्रवर्तन दल की टीम ने घाटमपुर हाईवे, भौंती हाईवे, महाराजपुर हाईवे, फर्रुखाबाद हाईवे, लखनऊ हाईवे पर बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया और 42 वाहनों को सीज कर दिया।

शनिवार को संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन राहुल श्रीवास्तव की अगुवाई में हाईवे पर बिना नंबर प्लेट वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया गया। कई ओवरलोड वाहनों का भी चालान किया गया। संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन ने वाहन स्वामियों से अनुरोध किया है कि वे अपने वाहनों में मानक के अनुरूप नंबर प्लेट लगवाएं, अन्यथा सख्त कार्रवाई की जाएगी।



घाटमपुर हाईवे पर चेकिंग करती आरटीओ टीम। अमृत विचार

- कई ऐसे वाहन मिले जिनमें नंबर प्लेट ही नहीं लगी थी, थाने को सौंपा

### नंबर प्लेट पर ग्रीस लगी, किसी में नंबर ही नहीं

अभियान में कई ऐसे ट्रक मिले जिसमें नंबर प्लेट तो लगी थी लेकिन नंबरों पर ग्रीस या मिट्टी लगाकर मिटा दिया गया था ताकि कोई नंबर नोट नहीं कर पाए। घाटमपुर रोड पर तमाम ऐसे वाहन मिले जिसमें नंबर प्लेट ही नहीं थी। बताते चलें कि हर महीने मौरंग, गिट्टी लदे ट्रकों-डंपरों से आधा दर्जन से एक दर्जन लोगों की जान चली जाती है। हादसा करने के बाद ज्यादातर डंपर पकड़े नहीं जाते क्योंकि उसमें नंबर प्लेट ही नहीं लगी होती।

### कानपुर के ट्रैफिक सिस्टम को मिलेगा नया आयाम

**कानपुर।** जाम से निजात दिलाने के लिए कानपुर महानगर के समग्र विकास और सतत यातायात समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में आउटर रिंग रोड परियोजना को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। यह परियोजना महानगर को बाहरी परिधि से जोड़ते हुए प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राज्यीय मार्गों से निर्बाध रूप से जोड़ने का कार्य करेगी। शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने छतमरा में परियोजना की स्थिति का जायजा लिया एवं एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिये। आउटर रिंग रोड से शहर के अंदर आने वाला भारी वाहनों का दबाव कम होगा। यह परियोजना केवल एक सड़क मार्ग नहीं, बल्कि कानपुर के व्यवस्थित शहरी विकास की आधारशिला है। जिलाधिकारी ने बताया कि 93 किलोमीटर लंबी इस परियोजना में से लगभग 62 किलोमीटर हिस्सा कानपुर नगर क्षेत्र में आता है जबकि शेष भाग उन्नाव और कानपुर देहात जिलों में है। इस रिंग रोड से कानपुर-कबरई मार्ग, लखनऊ-अलीगढ़ रूट, आगरा एक्सप्रेसवे और प्रयागराज रोड जैसी प्रमुख सड़कों को सीधा और निर्बाध संपर्क मिलेगा।

## रोहिंग्या के संदेह पर लोगों पर पुलिस की नजर

**कानपुर।** रोहिंग्या के शक में पनकी, कल्याणपुर में 50 परिवार के 200 लोग पुलिस के रडार पर हैं। उनके आधार कार्ड लिए गए हैं। शनिवार को एडीसीपी पश्चिम ने कल्याणपुर इंदिरा नगर में रह रहे दस परिवारों से पूछताछ की। यहां कब आए आए और आधार कार्ड कैसे बनवाया। इन बिंदुओं पर जांच की गई। कई ने अपने आधार असम राज्य के दिखाए हैं। इंदिरानगर में यह दस परिवार झोपड़ी बनाकर कूड़ा बिनने का काम करते हैं। पनकी शताब्दीनगर में 40 से अधिक परिवार इसी तरह रह रहे हैं। तीन दिन पहले झोपड़ियों में आग लगने पर पुलिस की इन पर नजर पड़ी है। पुलिस रहने वालों की कुंडली खंगाल रही है। एडीसीपी कपिल देव सिंह ने बताया कि कल्याणपुर-पनकी इलाके में संदिग्ध लोगों के रहने की सूचना मिली है। दस्तावेज चेक किया जा रहे हैं।

**एक नजर**

### हैलट में इलाज करा रहा पूरा परिवार, घर में हो गई चोरी

**शिवली।** भतीजी का हैलट में इलाज करा रहे युवक के घर चोरों ने धावा बोलकर नकदी व जेवर पार कर दिया। कस्बे के शंकर नगर निवासी अनुज कुमार पांडेय ने पुलिस को बताया कि उनकी भतीजी वैष्णवी का कानपुर के हैलट में इलाज चल रहा है। शनिवार की सुबह घर में चोरी होने का पता चला। चोर निर्माणाधीन मकान से 20 हजार रुपये, सोने की चेन, दो जोड़ी सोने के झुमके, तीन सोने की अंगूठी, दो जोड़ी टॉप्स, दो माला, दो जोड़ी चांदी तोड़िया ले गए। सूचना पर कोतवाली पुलिस, डॉग स्क्वायड टीम, फील्ड यूनिट टीम ने जांच की। इंस्पेक्टर मुकेश कुमार सोलंकी ने कहा कि जांच की जा रही है।

### तनाव में युवक ने फंदा लगाकर दे दी जान

**रनियां।** क्षेत्र के बिलई गांव में युवक ने मानसिक तनाव में कमरे के पंखे में दुपट्टे के सहारे फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की है। बिलई गांव निवासी प्रदीप कुमार (38) खेती किसानी करता था। मृतक के भाई कुलदीप ने बताया कि काफी समय से भाई प्रदीप बीमार चल रहा था। इसके कारण वह तनाव में रहता था। शुक्रवार की रात खाना पीना करके सभी कमरे में सोने चले गए थे। शनिवार सुबह देखा तो पंखे के कुंडे से दुपट्टे के सहारे प्रदीप का शव लटक रहा था। जानकारी पर घर में कोहराम मच गया और मृतक की मां श्रीमती देवी, पत्नी सीमा, बेटा नैतिक, बेटी रुचि आदि का रो रोकर बुरा हाल था। परिजनों ने घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी। थानाध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि घटना की जानकारी पुलिस को नहीं मिली है। ग्राम प्रधान पति रघुवीर यादव ने बताया कि मृतक का अंतिम संस्कार कानपुर नगर के डयोढ़ी घाट पर किया गया है।



शनिवार को माती के ईको पार्क में जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ योग करते नोडल अधिकारी जीएस प्रियदर्शी और जिलाधिकारी आलोक सिंह। अमृत विचार

# ईको पार्क में जुटे योग प्रेमी

## 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग समागम, दिनचर्या में लाने का गूंजा संदेश

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- नोडल अधिकारी के साथ जिले के अधिकारी शामिल
- प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया

**अमृत विचार।** ग्यारहवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शनिवार माती के ईको पार्क में योग प्रेमियों का जमघट लगा। यहां नोडल अधिकारी समेत डीएम, सीडीओ व अन्य अधिकारियों ने योग किया। वहीं प्रधानमंत्री के सजीव कार्यक्रम का प्रसारण देखा व सुना गया।

जनपद स्तरीय कार्यक्रम में नोडल अधिकारी आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस. प्रियदर्शी, डीएम आलोक सिंह, सीडीओ लक्ष्मी एन. के साथ अधिकारी, कर्मचारी शामिल हुए। दीप प्रज्ज्वलन व वैदिक मंत्रों के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों ने प्राणायाम, ध्यान का अभ्यास कराया। नोडल अधिकारी ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से न सिर्फ शारीरिक बल्कि मानसिक और भावनात्मक संतुलन होता है। उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से योग को दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया। डीएम ने कहा कि योग दिवस केवल एक दिन का उत्सव नहीं है, बल्कि यह हमारे जीवन में स्वास्थ्य और अनुशासन का एक संदेश है।



योगाभ्यास से मिली नई ऊर्जा।

उन्होंने लोगों को योग को अपनाने और दूसरों को भी प्रेरित करने का आह्वान किया। सामूहिक संकल्प के साथ योग कार्यक्रम का समापन हुआ। प्राथमिक विद्यालय गलुआपुर के बच्चों को हरित योग के तहत नोडल अधिकारी व डीएम ने पौधे दिए। ऑनलाइन प्रतियोगिता में अव्वल आरोही सचान, मो. फ़राज़ आलम, विदा फातिमा, नेहा देवी, किरण गुप्ता, खुशी यादव आदि को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम व संबोधन के सजीव प्रसारण को देखा एवं सुना गया। अंत में नोडल अधिकारी ने हरित योग संदेश के लिए पौधरोपण भी किया गया। इस मौके पर सीएमओ डॉ. एके सिंह, एडीएम प्रशासन अमित कुमार, एडीएम वित्त एवं राजस्व दुष्यंत कुमार मौर्य, अकबरपुर चेयरमैन प्रतिनिधि गुड्डन सिंह समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### स्वस्थ जीवन के लिए योग के बताए फायदे

**राजपुर।** श्री रामप्रकाश पोरवाल महाविद्यालय में प्रबंधक डॉ. अनिल पोरवाल, प्राचार्य डॉ. अरविंद सिंह तोमर ने बच्चों के साथ सूर्य नमस्कार, धनुरासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति, भ्रामरी, ध्यान योग किया। प्रबंधक ने स्वस्थ जीवन के लिए योग के फायदे बताए। यहां डॉ. आशीष पोरवाल, डॉ. अरविंद द्विवेदी, डॉ. अंबर श्रीवास्तव, डॉ. विनय कुमार, डॉ. असलम खान, डॉ. आशीष तिवारी, डॉ. संजीव दीक्षित, डॉ. अतुल द्विवेदी, आदि रहे। भाल के हायर सेकेंड्री हाईस्कूल में राष्ट्रीय पंचायतीराज प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष बब्बन दीक्षित ने ग्रामीणों, सीएचओ व आंगनबाड़ी कार्यकर्त्रियों के साथ योग किया। यहां महेंद्र सिंह, ओमकांत दीक्षित, अजयपाल सिंह, रामबाबू कटियार, रविंद्र सिंह, वीर सिंह, श्वेता, हीरा देवी, प्रकाश नारायण, देवेंद्र दुबे आदि रहे। सिकंदरा के मदरसा निजामिया में छात्रों के साथ निदेशक मो. मारूफ ने योग किया। मदर्स नेशनल पब्लिक स्कूल में भी योगाभ्यास हुआ।



भाल गांव के विद्यालय में योग करते शिक्षक, बच्चे और अभिभावक। अमृत विचार



सिकंदरा के मदरसा निजामिया पब्लिक स्कूल में योग करते बच्चे। अमृत विचार



नौबस्ता गांव में सूर्य नमस्कार करते शिक्षक और प्रधान। अमृत विचार

### रोज योगाभ्यास करने से स्वस्थ रहता तन और मन

**शिवली।** नौबस्ता के संविलयन स्कूल में बच्चों के साथ प्रधान भरत सिंह, प्रधानाध्यापक धीरेंद्र पालने योग किया। कस्बे में भाजपा नेता अर्चना मिश्रा के नेतृत्व में ऊषा त्रिपाठी, राधारानी शुक्ला ने योग किया। रामेश्वर पब्लिक स्कूल में निदेशक डॉ. रामशरण तिवारी व स्टाफ ने योग किया। योग प्रशिक्षक दीक्षा मिश्रा ने कहा कि योग से तन, मन स्वस्थ रहता है। मैथा तहसील में एसडीएम, तहसीलदार ने योग किया।

# पुलिस मुठभेड़ में लुटेरा गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- झपट्टा मारने से बाइक से गिरी महिला की 2 दिन पहले हुई मौत
- 14 जून को पति के साथ बाइक से ससुराल जा रही थीं रक्षा

**अमृत विचार।** पति के साथ बीते शनिवार को बाइक से ससुराल जा रही महिला लूट के प्रयास के दौरान हाईवे पर गिरकर घायल हो गई थी। इलाज के दौरान चार दिन बाद उसकी मौत हो गई। डीआईजी व एसपी की सख्ती के बाद सक्रिय हुई रनियां पुलिस की देर रात विसायकपुर से आंट जाने वाले मार्ग पर आरोपी से मुठभेड़ हो गई और उसे गिरफ्तार कर लिया गया।



मुठभेड़ में घायल आरोपी को अस्पताल ले जाती पुलिस। अमृत विचार

रूरा थाना क्षेत्र के सरगांव बुजुर्ग निवासी हिमांशू द्विवेदी अपनी पत्नी रक्षा उर्फ कोमल के साथ 14 जून को अपने गांव लौट रहे थे, तभी रनियां थाना क्षेत्र में कानपुर-इटावा हाईवे पर खानचंद्रपुर के पास पीछे से आए बाइक सवार लुटेरे ने रक्षा के कान के बाले छीनने का प्रयास किया था, जिसमें रक्षा बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। कानपुर के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान 4 दिन बाद गुरुवार को रक्षा ने दम तोड़ दिया था। गुरुवार देर रात ही डीआईजी हरिश्चंदर ने घटनास्थल का जायजा लेकर शीघ्र खुलासे के निर्देश दिए थे। शुक्रवार देर रात रनियां थाना प्रभारी संजय गुप्ता सटीक सूचना विसायकपुर से आंट जाने वाले मार्ग पर चेकिंग कर रहे थे, तभी आरोपी आंट होते हुए विसायकपुर तिराहे की तरफ जाने लगा। पुलिस ने पंचगवा नहर पुल से पहले घेराबंदी की तो उसने भागने का प्रयास किया और पुलिस पर फायर कर दिया। जवाबी कार्रवाई में उसके दाहिने पैर में गोली लगी और वह घायल हो गया। पुलिस ने उसे अकबरपुर सीएचसी भेजा। एसपी अरविंद मिश्रा, एएसपी राजेश पांडेय, सीओ सदर संजय वर्मा ने मौके पर छानबीन की। थाना प्रभारी संजय गुप्ता बताया कि पकड़ा गया लुटेरा मंगलपुर डेरा का शफी उर्फ छुटुआ उर्फ बदन सिंह है। आरोपी ने महिला से लूट के प्रयास की बात स्वीकार की है। उसके पास से एक तमंचा, तीन खोखा, एक कारतूस, एक बिना नंबर बाइक व 350 रुपये बरामद हुए हैं। मामले में कार्रवाई की जा रही है।

### महिला के बाइक से गिर जाने पर भागा था लुटेरा

पुलिस की पूछताछ में छोटुआ उर्फ सफी ने बताया कि 14 जून को वह कानपुर से अकबरपुर की तरफ शिकार की तलाश में बाइक से निकला था। तभी रनियां में कोहली होटल के पास बाइक पर महिला जाते देखा। महिला चेन व बाला पहने थी। रनियां निकल जाने पर खानचंद्रपुर के सामने हाईवे पर उसने महिला के बाला तोड़ने के लिए झपट्टा मारा। इसी दौरान महिला बाइक से गिर गई और वह मौके से भाग गया था।

### रायबरेली, औरैया व देहात जनपद में 13 मामले दर्ज

रनियां थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि छोटुआ उर्फ सफी पर रायबरेली के गदागंज, औरैया के बेला थाने में आर्म्स एक्ट, कानपुर देहात की अकबरपुर कोतवाली, थाना मंगलपुर, थाना डेरापुर व थाना रनियां में विभिन्न अपराधों के कुल 13 मामले दर्ज हैं।

# दुष्कर्म में 10 वर्ष कठोर कारावास

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- शादी का झांसा देकर करता रहा शारीरिक शोषण
- तांत्रिक आरोपी ने हाईकोर्ट से हासिल किया स्थगनादेश

**अमृत विचार।** शिवली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में एफटीसी प्रथम की अदालत ने आरोपी को दोषसिद्ध करते हुए उसे दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदंड भी लगाया है।

सहायक शासकीय अधिवक्ता अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शिवली कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली युवती को पड़ोस के गांव कछियन पुरवा के रहने वाले रवी से वर्ष 2020 में दोस्ती हो गई थी। आरोप है कि इस बीच शादी का झांसा देकर आरोपी युवक उसके साथ बराबर शारीरिक शोषण करता रहा था। शादी का दबाव बनाने पर उसने इंकार कर दिया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी रवी ने अपने गांव के तांत्रिक कृष्ण बिहारी को 24 जनवरी 2022 को सुनियोजित ढंग से उसके पास भेजा था। इसके बाद तांत्रिक रवी से शादी कराने के लिए तंत्र मंत्र करने का झांसा देकर उसको गांव के पास एक खेत में ले गया था। वहां रवी व तांत्रिक ने उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया था। मामले की पीड़िता ने 28 जनवरी 2022 को शिवली कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साथ ही उनके खिलाफ आरोप पत्र अदालत में पेश किए थे। मामले की सुनवाई अपर जिला जज/एफटीसी प्रथम सुरेंद्र सिंह की अदालत में चल रही थी। मामले की सुनवाई दौरान आरोपी कृष्ण बिहारी ने 12 अक्टूबर 2022 को हाईकोर्ट से स्थगनादेश हासिल कर लिया था। इसके चलते उसकी पत्रावली अलग कर रवी के मामले की सुनवाई अदालत कर रही थी। मंगलवार को अदालत ने मामले की सुनवाई करते आरोपी रवी को दोषसिद्ध करते हुए दस साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही उसपर दस हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया। वहीं अर्थदंड की धनराशि पीड़िता को दिए जाने तथा अर्थदंड अदा न करने पर दोषी को दस माह के अतिरिक्त कारावास काटने का आदेश दिया है।

# अवैध डामर प्लांट के संचालक पर केस दर्ज

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि नायब तहसीलदार अकबरपुर, एई सीडी-वन, एई ग्रामीण अभियंत्रण विभाग एवं उपायुक्त उद्योग की टीम ने बीती 18 जून को संयुक्त रूप से सिकंदरा तहसील के खोजाफूल गांव में गाटा संख्या-117 पर संचालित अवैध डामर प्लांट पर छापा मारा था।

छापेमारी के दौरान मेसर्स वैष्णों बिल्डिंग मैटैरियल कृष्णानगर खोजाफूल स्थित दुकान के अंदर 5 ड्रम भरे हुए डीजल ऑयल, 10 खाली ड्रम इलेक्ट्रिक मीटर, डीजल रिफिल पाइप, 340 बोरी मार्बल पाउडर की बोरी जब्त की गई थी। अनिल कुमार बाजपेयी ने बयान दिया है कि मां वैष्णों बिल्डिंग मैटेरियल उसकी भूमि पर है। जिसमें दो दुकानें जितेंद्र गुप्ता निवासी औरैया को करीब एक वर्ष से दी गई हैं। इसका मासिक किराया 3200 रुपये उसे मिलता है। हालांकि कोई लीगल एग्रीमेंट नहीं हुआ है। जांच के क्रम में सुरेश बाबू निवासी ग्राम खोजाफूल ने बयान दिया कि उक्त अवैध प्लांट उसके खेत पर संचालित है। मामले में डीएम के आदेश पर जितेंद्र गुप्ता के विरूद्ध आवश्यक वस्तु अधिनिमय एवं अन्य सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट कराई गई है।

# ट्राला में टकराने से युवक की मौत

**कानपुर देहात।** अकबरपुर क्षेत्र के गौरियापुर के समीप हाईवे पर खड़े एक ट्राला के पीछे बाइक सवार युवक घुस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने उसे मेडिकल कालेज भेजा, जहां ईएमओ ने मृत घोषित कर दिया।

रूरा थाना क्षेत्र के इंदरुख गांव का दीपक कुमार (30) खेती-बाड़ी करता था। शुक्रवार को वह बाइक से बरौर गया था। लौटते समय हाईवे पर गौरियापुर के पास खड़े ट्राला में पीछे से घुस गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस उसे अकबरपुर मेडिकल कालेज ले गई, जहां ईएमओ ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही पुत्र कृष्णा, पुत्री परी के साथ परिवार के लोग रो-रो कर बेहाल हो गए।

# 185 शिकायतों में 2 का ही समाधान

संवाददाता, सिकंदरा

**अमृत विचार।** जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम और एसपी के सामने 185 लोग शिकायतें लेकर पहुंचे, जिनमें से सिर्फ दो को मौके पर समाधान मिल सका।

शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम आलोक सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष ध्यान दें। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि भूमि विवाद से संबंधित मामलों में प्रशासन एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित करें। विभिन्न विभागों की शिकायतें जिलाधिकारी के समक्ष लोगों ने रखीं। जिस पर संबंधित विभाग के अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराकर आख्या से अवगत कराने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि आईजीआरएस में प्राप्त होने वाली शिकायतों का समय अंतर्गत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। दिवस में सिकंदरा के कांशीराम कॉलोनी निवासी ममता देवी ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि पड़ोसी ईसुब और उनकी पत्नी आसमा आए दिन बेवजह गालीगलौज करते हैं। बीते शुक्रवार को गालीगलौज कर लड़ाई पर आमादा हो गए। डीएम ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। दिवस में राजस्व की सबसे अधिक 143, विकास 12, पुलिस 12, विद्युत 2, जल निगम 5, जिला पंचायत 3, नगर पंचायत 2 समेत कुल 185 शिकायतें प्राप्त हुईं। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अरविंद मिश्र, सीएमओ डॉ. एके सिंह, एडीए न्यायिक दिग्विजय सिंह, एसडीएम शालिनी उत्तम, सीवीओ डॉ. सुबोध कुमार आदि मौजूद रहे।

### मैथा तहसील में 83 लोगों ने लगाई अपनी फरियाद

**शिवली।** तहसील में एसडीएम राजकुमार चौधरी व तहसीलदार सुनील कुमार ने शिकायतें सुनीं। यहां राजस्व की सर्वाधिक 60, पुलिस 8, विद्युत 6, बीडीओ 7, पीडब्ल्यूडी एक, डीपीआरओ एक समेत कुल 83 शिकायतें आईं। इनमें एक भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हुआ। यहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. सिद्धार्थ पाठक, एडीओ आईएसबी संजय मिश्रा, कानूनगो नंद किशोर, समाज कल्याण अधिकारी धीरज सविता मौजूद रहे।

**सार-संक्षेप**



शनिवार को रेखा देवी को चेक देते सपा प्रतिनिधिमंडल के सदस्य। अमृत विचार

### अखिलेश यादव ने रेखा देवी को एक लाख रुपये का चेक भेजा

**शिवली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कन्नौज लोकसभा के सांसद अखिलेश यादव ने औरंगाबाद गांव की रेखा देवी को आर्थिक सहायता के रूप में एक लाख रुपये की चेक भेजी है। चेक देने के लिए शनिवार को समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष बबलू राजा, पूर्व विधायक शिवकुमार बेरिया, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज सिंह गौर, नीलम कठेरिया, युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव धीरू कटियार औरंगाबाद पहुंचे और रेखा देवी को चेक सौंपा। इस दौरान परिवार के लोगों से भी मुलाकात की और हर पल उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिया। बताया गया कि आर्थिक सहायता की यह राशि पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव की ओर से भेजी गई है।

**270 नए आवास बनेंगे** — ग्राम्य विकास आयुक्त ने बील्हापुर में लगाई चौपाल, नवनिर्मित ओपेन जिम और पार्क का किया उद्घाटन

# समूहों को उत्पादन प्रक्रिया से जोड़कर आय बढ़ाएं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

**अमृत विचार।** ग्राम्य विकास आयुक्त एवं जिले के नोडल अफसर जीएस प्रियदर्शी ने शनिवार को अमरौधा ब्लाक के बील्हापुर गांव में चौपाल लगाकर लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने सरकार द्वारा चलाई जा रहीं योजनाओं का ग्राम वासियों को मिले लाभ के संबंध में समीक्षा की। साथ ही लाभांवित लाभार्थियों के बारे में जानकारी ली।

शनिवार को बील्हापुर में चौपाल के दौरान नोडल अधिकारी जीएस प्रियदर्शी को अवगत कराया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 79 आवास दिए गए हैं।



बील्हापुर में चौपाल लगाकर जन सुनवाई करते नोडल अधिकारी जीएस प्रियदर्शी।

साथ ही 270 नये आवासों के लिए सर्वे पूर्ण किया जा चुका है। नोडल अधिकारी ने लाभार्थियों से जानकारी ली। नोडल अधिकारी को बताया कि गांव में तीन समूह कार्यरत हैं। जिसपर उन्होंने बीएमएम द्वारा एसएचजी समूहों का गठन ग्रामीण जनसंख्या के अनुरूप न होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए। उपायुक्त एनआरएलएम को ग्राम की जनसंख्या के अनुरूप कम से कम 200 एसएचजी समूहों का गठन करने को कहा। वहीं छोटे मियां समूह की सखी नूरज़बी से वार्ता कर समूहों के गठन में आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी ली। साथ ही समूह की महिलाओं को उत्पादन प्रक्रिया में जोड़कर उनके आय बढ़ाने के निर्देश डीसी को दिए। चौपाल में उन्होंने कृषि, विद्युत, स्वच्छ भारत मिशन, राशन, पेंशन आदि विभागों की संचालित योजनाओं के लाभ के संबंध में भी जानकारी ली। ग्रामीणों ने विद्युत बिल को लेकर शिकायत की। जिस पर नोडल अधिकारी ने विद्युत मीटर को दोबारा चेक कराने के निर्देश दिए। इसके पूर्व नोडल अधिकारी ने नवनिर्मित ओपेन जिम व पार्क का फीता काटकर उद्घाटन किया। साथ ही अमृत सरोवर का निरीक्षण कर ग्राम प्रधान को निर्देश दिए। इस दौरान सीडीओ लक्ष्मी एन., पीडी वीरेंद्र सिंह व अन्य अधिकारी रहे।



ओपन जिम का उद्घाटन भी किया।

# निर्माणाधीन सड़क व पुल का निरीक्षण

**कानपुर देहात।** शनिवार को आयुक्त ग्राम्य विकास जीएस प्रियदर्शी ने सीडीओ लक्ष्मी एन. के साथ लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित अकबराबाद से चौरा तक कुल 13 किमी मार्ग के चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। कार्य की कुल लागत 32.68 करोड़ रुपये एवं तकनीकी स्वीकृति लागत 32.53 करोड़ रुपये बताई गई।

एक्सईएन ने बताया कि कार्य 15 मार्च 2024 को प्रारंभ किया गया। जिसकी समय सीमा बीती 14 जून निर्धारित थी, लेकिन कुछ समस्याओं के कारण कार्य में विलंभ हुआ है। कार्य पूर्ण करने की अवधि के विस्तार के लिए प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। आयुक्त ने पाया कि आबादी क्षेत्र में सड़क किनारे



निर्माणाधीन चौरा रोड का निरीक्षण करते नोडल अधिकारी जीएस प्रियदर्शी।

नाली निर्माण कार्य की प्रगति मात्र 10 प्रतिशत ही है। निर्देश दिए कि यदि भविष्य में किसी परियोजना की डीपीआर में यदि किसी विभाग की लापरवाही या कमीं के कारण संशोधन करना पड़े, तो संबंधित की जिम्मेदारी तय की जाए। नोडल अधिकारी ने सेतु निगम द्वारा झांसी-कानपुर हाईवे पर पुखरायां रेलवे स्टेशन के निकट रेल उपरिगामी सेतु के नवनिर्माणाधीन कार्य को भी जांचा। एक्सईएन ने बताया कि परियोजना की कुल स्वीकृत लागत 57.39 करोड़ है। जिसमें अब तक 39.37 करोड़ अवमुक्त किए जा चुके हैं। इस मौके पर एक्सईएन पीडब्ल्यूडी खंड-एक हेमंत कुमार आदि उपस्थित रहे।

